CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 16 | बिजौलिया - मंगलवार,11 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## निकाय चुनाव का बिगुल इसी महीने, दो चरणों में होगा मतदान

### 13 अगस्त को निकाय प्रमुखों और जिला प्रमुखों के आरक्षण की लॉटरी; 41 जिलों की 309 नगरीय निकायों में चुनाव की तैयारी तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



राजस्थान में लंबे समय से प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तस्वीर अब तेजी से साफ होने लगी है। प्रदेश की 41 जिलों की 309 नगरीय निकायों में इसी महीने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारियां तेज करते हुए मतदान केंद्रों, ईवीएम, कर्मचारियों और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों के साथ समीक्षा शुरू कर दी है।

निकाय चुनाव दो चरणों में करवाए जाएंगे। हालांकि फलोदी और सलूंबर ऐसे जिले होंगे, जहां जिले की सभी नगरीय निकायों में चुनाव एक ही चरण में पूरे करवाने की तैयारी है।

निकाय और पंचायती राज चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने सोमवार को सचिवालय में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विभागवार तैयारियों की समीक्षा की गई।

**13 अगस्त को तय होगा निकाय प्रमुखों का आरक्षण**

नगर निगमों में मेयर, नगर परिषदों में सभापति और नगरपालिकाओं में चेयरमैन पद के आरक्षण की लॉटरी 13 अगस्त को जयपुर स्थित स्वायत्त शासन निदेशालय में सुबह 10.30 बजे निकाली जाएगी। सरकार की ओर से प्रदेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों को भी लॉटरी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया है। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद चुनावी समीकरणों में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**पहले चरण में 140, दूसरे में 169 निकाय**

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार निकाय चुनाव के पहले चरण में 140 नगरीय निकायों को शामिल किया जाएगा। इनमें 5,050 वार्डों के लिए 10,185 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। वहीं दूसरे चरण में 169 नगरीय निकायों में मतदान होगा। इस चरण में 5,195 वार्डों के लिए 6,280 मतदान केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं।

आयोग इस बार निकाय चुनाव के लिए करीब 18 हजार पोलिंग बूथ तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। नगर निकायों के सदस्यों के चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा।

**पंचायत चुनाव भी चार चरणों में**

नगरीय निकाय चुनाव के साथ प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की तैयारियां भी चल रही हैं। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार 36 जिलों में पंचायत चुनाव चार चरणों में, जबकि 4 जिलों में दो चरण और एक जिले में एक चरण में चुनाव करवाए जाएंगे। पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के साथ नगर निकाय सदस्यों के लिए ईवीएम से मतदान होगा। वहीं ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच और सरपंच के चुनाव बैलेट पेपर से करवाए जाएंगे। पंचायत चुनाव के लिए प्रदेश में करीब 48 हजार मतदान केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं।

**जिला प्रमुखों की आरक्षण लॉटरी भी 13 अगस्त को**

पंचायती राज संस्थाओं में जिला प्रमुख पदों के आरक्षण की लॉटरी भी 13 अगस्त को निकाली जाएगी। यह लॉटरी जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित पंचायती राज संस्थान कार्यालय में दोपहर 3 बजे होगी। इसके बाद जिला प्रमुख पदों के आरक्षण की तस्वीर साफ हो जाएगी।

**चुनावी गतिविधियां होंगी तेज**

निकाय प्रमुखों और जिला प्रमुखों के आरक्षण की लॉटरी के साथ ही प्रदेश में चुनावी गतिविधियां और तेज होने के आसार हैं। वार्डवार समीकरण, आरक्षण की स्थिति और संभावित प्रत्याशियों को लेकर राजनीतिक दलों में भी हलचल बढ़ेगी। आयोग की तैयारियों को देखते हुए अब सभी की नजर चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा पर टिकी है।

## अवैध बजरी परिवहन पर बड़लियास पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



(रोशन) अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान कवलियास माफी से कोठारी नदी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से बजरी परिवहन करते पाया गया। पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया तथा संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल सोराज, कांस्टेबल कमल एवं कांस्टेबल नरेश कुमार शामिल रहे।

## चावंडिया पंप के पास कुछ देर के अंतराल में दो हादसे, तीन गायों की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**सांवर वैष्णव।** कस्बे के निकट चावंडिया-बनकाखेड़ा के बीच पेट्रोल पंप के पास सोमवार को रिमझिम बारिश के दौरान कुछ समय के अंतराल में दो सड़क हादसे हो गए। हादसों में तीन गायों की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। वहीं रोडवेज बस भी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस के अनुसार पहला हादसा उस समय हुआ, जब भीलवाड़ा की ओर जा रही एक पिकअप ने सड़क पर जा रही तीन गायों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। गनीमत रही कि पिकअप में सवार लोगों को गंभीर चोट नहीं आई।

इसी हादसे के कुछ देर बाद भीलवाड़ा से रतनगढ़ जा रही रोडवेज बस ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बनकाखेड़ा निवासी चेतन पुत्र प्रभुलाल आचार्य और बंटी पत्नी सरिता महाराज घायल हो गए। दोनों को निजी वाहन से बनकाखेड़ा चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद चेतन को छुट्टी दे दी गई, जबकि बंटी को उपचार के लिए भीलवाड़ा रेफर किया गया।

टक्कर के बाद रोडवेज बस भी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। बस में सवार कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही सवाईपुर चौकी पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। हादसों की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं राहगीर भी मौके पर जमा हो गए।

## 14 वर्षीय कैलाश की मौत पर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

### गुर्जर समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव निवासी 14 वर्षीय कैलाश गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर गुर्जर समाज ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की। समाज ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में बताया गया कि 26 जुलाई को कैलाश की खेत पर पानी में डूबने से मौत हुई थी। परिजनों ने उसके परिचित शंकर धाकड़ सहित अन्य लोगों पर कैलाश को खेत पर ले जाकर मारपीट करने और पानी में डुबोकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। परिजनों ने कैलाश को पूर्व में मानसिक रूप से परेशान किए जाने तथा घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता की आशंका भी व्यक्त की।

समाज की ओर से मांग की गई कि मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शाहपुरा स्तर के अधिकारी से करवाई जाए। साथ ही काछोला पुलिस को निर्देश देकर नामजद एवं संदिग्ध आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा घटना में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच की जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। समाज ने पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दी कि तीन दिवस के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की कार्रवाई नहीं होने पर लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया जाएगा।

गुर्जर समाज ने पुलिस प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई कर मृतक कैलाश के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## कलेक्टर ने जलदाय, बिजली और चिकित्सा विभाग की ली समीक्षा बैठक

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम, नियमित पेयजल आपूर्ति और झूलते तारों को दुरुस्त करने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को पीएचईडी कार्यालय में जलदाय, विद्युत एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आमजन से जुड़ी सुविधाओं और समस्याओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मूलभूत सुविधाएं सुचारू रखने और शिकायतों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग से मौसमी बीमारियों की स्थिति और रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

**झूलते बिजली तार तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश**

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते विद्युत तारों और अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं को चिन्हित कर तत्काल दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा आमजन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**नियमित पेयजल आपूर्ति पर जोर**

जलदाय विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नियमित अंतराल पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा पेयजल से संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता ओपी खटोड़, सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा, पीएचईडी प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## बम-बम भोले के जयकारों से गूंजी वस्त्रनगरी

### भीलवाड़ा में निकली 5वीं 'जय भोले' कांवड़ यात्रा, सैकड़ों कांवड़ियों ने किया गंगाजल से अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





**पुनित चपलोत।** सावन के दूसरे सोमवार पर भीलवाड़ा में शिवभक्ति का नजारा देखने को मिला। 'बम-बम भोले' और 'जय शिव शंभू' के जयकारों के बीच टीम 'जय भोले' लेबर कॉलोनी की ओर से 5वीं विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। लेबर कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से सुबह 8.15 बजे शुरू हुई यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हरणी महादेव मंदिर पहुंची, जहां हरिद्वार और ऋषिकेश से लाए गए गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

संयोजक एवं पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह राजावत के नेतृत्व में निकली यात्रा का शहर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए और शिवभक्त शामिल हुए। मार्ग में श्रद्धालु कांवड़ लेकर भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

**ढोल-ताशों और झांकियों ने बढ़ाई भव्यता**

कांवड़ यात्रा में इस बार धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। पुणे से आए 'शिखंडी ढोल व ताशा पथक' की प्रस्तुति यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। वहीं चित्तौड़गढ़ के जय हनुमान बैंड ने भी प्रस्तुतियां दीं।

हरियाणा के पुंडरी से आए महादेव आर्ट्स ग्रुप की धार्मिक झांकियों में नंदी बैल, महाकाल शंकर, अघोर महाकाल, अघोरी और महाकाली के स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। जयपुर से आए दो शाही गजराज और विशाल शिव प्रतिमाओं ने भी लोगों का ध्यान खींचा।

**पांचवें वर्ष निकली यात्रा**

आयोजन से जुड़े जितेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को 'जय भोले' कहकर संबोधित करने की परंपरा है। इसी भावना से प्रेरित होकर कांवड़ यात्रा का नाम 'जय भोले कांवड़ यात्रा' रखा गया। उन्होंने बताया कि लगातार पांचवें वर्ष आयोजित हो रही यात्रा में हर वर्ष श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ रही है।

अध्यक्ष अनिल चौहान एवं सचिव सौरभ साहनी ने बताया कि यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए पानी, फलाहार और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई थी।

**गंगाजल से हुआ जलाभिषेक**

हरणी महादेव मंदिर पहुंचने पर सामूहिक आरती की गई और भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। कांवड़ यात्रा के दौरान पूरा मार्ग शिवभक्ति के जयकारों से गूंजता रहा और धार्मिक उल्लास के बीच यात्रा का समापन हुआ।


राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895



CMYK


# देवपुरी में गूंजा हर-हर महादेव, 108 पार्थिव शिवलिंगों का हुआ महापूजन

## तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ धार्मिक आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी।** श्रावण मास के अवसर पर देवपुरी स्थित श्री खालका के बालाजी परिसर में ऋण मुक्तेश्वर महादेव के दरबार में सोमवार को 108 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं कछवा स्थापना महोत्सव आयोजित हुआ। आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों के अनुसार दिनभर में तीन हजार से अधिक शिवभक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा।

सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने भगवान ऋण मुक्तेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।





कार्यक्रम संयोजक संजय मंत्री ने बताया कि 108 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन वैदिक विधि-विधान से किया गया। भगवान शिव का अभिषेक, पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए। आयोजन पं. जगदीशचंद्र दाधीच के निर्देशन एवं सानिध्य में हुआ। पं. दाधीच नर्मदा की तीन बार परिक्रमा कर चुके हैं।

पूजन के दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना में लीन नजर आए। श्रावण मास के चलते कांवड़िए भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते रहे।

देवपुरी स्थित ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर को लेकर क्षेत्र में विशेष आस्था है। स्थानीय श्रद्धालुओं की मान्यता है कि भगवान शिव को चने की दाल अर्पित करने से ऋण एवं कर्ज से मुक्ति का आशीर्वाद मिलता है। इसी आस्था के चलते श्रद्धालु यहां चने की दाल सहित पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं।

आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम संयोजक संजय मंत्री ने आयोजन की सफलता में सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# 26 हजार न्यूनतम वेतन समेत 10 मांगों को लेकर श्रमिकों ने भरी हुंकार, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**(पुनित चपलोत)** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, ठेका प्रथा और श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में सोमवार को श्रमिक संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सीटू सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के कार्यकर्ता मुखर्जी पार्क में एकत्र हुए। यहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

रैली में इंटर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक व्यास, महामंत्री कान सिंह, कार्यालय सचिव सत्यनारायण सेन, सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवानी, जलदाय यूनियन के कन्हैया लाल शर्मा, टेक्सटाइल यूनियन के सोनू शर्मा सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। श्रमिक नेताओं ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मेहनतकश वर्ग की अहम भूमिका है, लेकिन इसके बावजूद श्रमिकों को सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्यस्थल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने श्रमिक आंदोलनों के दौरान गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं की बिना शर्त रिहाई और मुकदमे वापस लेने की मांग भी उठाई।

प्रदर्शन के बाद श्रमिक संगठनों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं को वापस लेने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह करने, आठ घंटे का कार्यदिवस लागू करने तथा अतिरिक्त काम पर दोगुना ओवरटाइम देने की मांग की गई।

इसके अलावा संविदा एवं ठेका श्रमिकों को समान काम के लिए समान वेतन, नियमितीकरण, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण, सस्ती एलपीजी, पेंशन, ईएसआई और पीएफ सहित सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने की मांग की गई। श्रमिक नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और श्रमिक आंदोलनों पर दमन बंद करने की भी मांग रखी।

# कैंसर से बचाव के लिए थाली और दिनचर्या में बदलाव जरूरीः हंसराज चौधरी

## भारत विकास परिषद की संगोष्ठी में जीवनशैली, खान-पान और नियमित जांच को लेकर किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी ।** कैंसर का नाम सुनकर डरने के बजाय इससे बचाव के उपायों और स्वस्थ जीवनशैली पर ध्यान देना जरूरी है। स्वस्थ जीवन की शुरुआत अस्पताल से नहीं, बल्कि हमारी रसोई और दैनिक दिनचर्या से होती है। यह बात वैद्य हंसराज चौधरी, संस्थापक अध्यक्ष श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान, मोतीबोर का खेड़ा, रायला ने कही।

वे सोमवार को भारत विकास परिषद शाखा शाहपुरा की ओर से गांधीपुरी स्थित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'कैंसर रोग : बचाव, जागरूकता एवं उपचार' विषयक संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम



में भाविप के प्रांतीय पदाधिकारी जयदेव जोशी एवं आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति के सचिव विजय सिंह मौजूद रहे।

चौधरी ने कहा कि संयमित आहार और संतुलित दिनचर्या स्वस्थ जीवन की महत्वपूर्ण कुंजी हैं। उन्होंने रिफाइंड तेल और बाजार में मिलने वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का उपयोग कम करने तथा सीजनल, रीजनल और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करने की बात कही। उन्होंने फास्ट फूड के बजाय घर और खेत से मिलने वाले ताजा उत्पादों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण लोगों की प्रकृति से दूरी बढ़ रही है। प्रकृति के करीब रहकर संतुलित जीवनशैली अपनाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि लोग दिखावे और आडंबर पर बड़ी राशि खर्च करते हैं, जिसका कुछ हिस्सा गुणवत्तापूर्ण खान-पान और स्वास्थ्य पर खर्च किया जाए तो बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

चौधरी ने नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी जोर दिया और लोगों को कैंसर से संबंधित जांचों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। महिलाओं एवं युवतियों को खान-पान, स्वच्छता और तनावमुक्त जीवनशैली को लेकर विशेष सावधानी बरतने की बात कही। साथ ही सरकार की ओर से संचालित कैंसर जागरूकता अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया।

भाविप अध्यक्ष पवन बांगड़ ने स्वागत करते हुए कहा कि कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए परिषद की ओर से यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

परमेश्वर कुमावत ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य वक्ता का परिचय दिया। अंत में जयदेव जोशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीनवग्रह आश्रम में अब तक बड़ी संख्या में कैंसर रोगियों को उपचार एवं मार्गदर्शन दिए जाने की जानकारी भी साझा की गई।

# युवा संवाद में गूंजा विकसित भारत का संकल्प, डॉ. शंकर लाल ने कहा- तर्कशील बनें, संवाद से समाधान खोजें



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी।** बारहठ महाविद्यालय में सोमवार को युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें युवाओं ने शिक्षा, संस्कृति, तकनीक और सामाजिक चुनौतियों से जुड़े सवाल उठाए। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चित्तौड़ प्रांत के प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली ने युवाओं से तर्कशील सोच अपनाने और समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से खोजने का आह्वान किया।

डॉ. माली ने भारतीय संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' और सहअस्तित्व की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

उन्होंने सोशल मीडिया पर मिलने वाली हर जानकारी को बिना जांचे स्वीकार नहीं करने की सलाह दी। युवाओं से तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक ज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल करने, काउंसलिंग व्यवस्था, प्रश्नपत्र लीक और कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर सवाल किए। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्करराज मीणा ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में शाहपुरा नगर संघचालक कन्हैया लाल सहित शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं 200 से अधिक युवा मौजूद रहे।

# 5 किलो 126 ग्राम डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

## रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ पहले से तीन मामले दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित ।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन गरुड़-यू फेज-02 के तहत रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 किलो 126 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। आरोपी इसे पिट्ठू बैग में छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के निर्देश पर थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान रंगपुर पुलिया के पास चाय की थड़ी पर एक युवक संदिग्ध नजर आया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उसके पिट्ठू बैग में प्लास्टिक के कट्टे में डोडा चूरा मिला। पुलिस ने मौके पर




मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रतापराम जाट (28), निवासी नंदिया खुर्द, जोधपुर ग्रामीण के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पेशे से ड्राइवर है और चित्तौड़गढ़, झालावाड़ एवं बारां क्षेत्र से मादक पदार्थ लाकर गांव में पुड़िया बनाकर बेचता था। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह 9 अगस्त को बारां से डोडा चूरा लेकर जोधपुर जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी, हत्या के प्रयास और एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं। मामले में थाना रेलवे कॉलोनी में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच थाना भीमगंजमंडी को सौंपी गई है। पुलिस अब मादक पदार्थ की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**9 मामलों में 15 आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में वर्ष 2026 में अब तक नशा तस्करी के 9 मामलों में 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें 7 आरोपी अंतरराज्यीय तस्कर बताए गए हैं। पुलिस की ओर से नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।

# सहाड़ा में हर घर तिरंगा यात्रा की रैली निकाली



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहाड़ा में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षक सुख लाल कुम्हार ने बताया कि पीओ यशवंत उपाध्याय के निर्देशन में व्याख्याता ज्ञानचंद खटीक एवं जेल सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने गांव में तिरंगा रैली निकाली।

विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे गांव में रैली निकालते हुए हर घर तिरंगा फहराने एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भावना भार्गव, रतन मीणा, अल्का चाष्टा, दीप्ति गिल, पिंकी सुखवाल एवं अमिय मौर्य,अनिल चिनिया सहित विद्यालय स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

# त्रिवेणी संगम से जल लेकर कांवड़िए गेणोली के लिए हुए रवाना

## डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकली कांवड़ यात्रा, शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ त्रिवेणी संगम से सोमवार सुबह कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों ने त्रिवेणी नदी से कांवड़ में पवित्र जल भरा और भगवान शिव के जयकारों के साथ गेणोली के लिए रवाना हुए। सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई यात्रा में कांवड़िए डीजे की धुन पर नाचते-गाते और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

कांवड़ यात्रा त्रिवेणी संगम से रवाना होकर त्रिवेणी चौराहा, जोजवा चौराहा होते हुए मांडलगढ़ बाईपास से गेणोली पहुंची। यहां कांवड़ियों ने विद्यालय परिसर स्थित भगवान शिव मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग पर त्रिवेणी संगम का जल अर्पित किया और पूजा-अर्चना की।

कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में अच्छी बारिश, सुख-शांति एवं अमन-चैन की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया और वातावरण भगवान शिव के जयकारों से गूंजता रहा।



इस दौरान गणेश मीणा, दुर्गेश माली, दुर्गालाल माली, कन्हैयालाल माली, कन्हैयालाल प्रजापत, विशाल गुर्जर, बाबू माली, शनि सेन सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



QUICK BITES

## तेरापंथ युवक परिषद ने लगाया निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श शिविर, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया स्वास्थ्य परामर्श का लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



तेरापंथ युवक परिषद की ओर से आरसी व्यास कॉलोनी स्थित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर में निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया।

डायग्नोस्टिक सेंटर प्रभारी अनुराग नैनावटी ने बताया कि तेरापंथ युवक परिषद सेवा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां संचालित करती है। इसी क्रम में उदयपुर की होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विशाखा पुरोहित के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया।

सह प्रभारी रोहित नाहर ने बताया कि शिविर में डॉ. पुरोहित ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों को जागरूक किया।

शिविर संयोजक अनमोल मेहता एवं शुभम दक ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराने के साथ होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। पूर्व अध्यक्ष अमित मेहता ने शिविर के आयोजन में सहयोग किया और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।

इस अवसर पर तेरापंथी सभा अध्यक्ष अशोक सिंघवी, उपाध्यक्ष पारस बोहरा, दिनेश कांठेड़, मंत्री सुनील दक एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश कावड़िया ने चिकित्सकों का उपरना पहनाकर स्वागत किया।

शिविर के आयोजन में तेयुप अध्यक्ष मनोज दक, उपाध्यक्ष मनीष बोरदिया, मंत्री रवि कांठेड़, कोषाध्यक्ष हनुमान चोरड़िया, सहमंत्री दीपक गौखरू, पुनीत कावड़िया, संगठन मंत्री महेंद्र मेहता, अभातेयूप सदस्य अभिषेक आंचलिया, कुलदीप मारू, नीरज आंचलिया, संदीप चोरड़िया सहित कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। अंत में अध्यक्ष मनोज दक ने चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं एवं शिविर में पहुंचे लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## जागेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हो रहा अभिषेक

### श्रावण मास में नियमित पूजा-अर्चना, महिलाओं की भी सहभागिता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**शुभम** । श्रावण मास के अवसर पर नगर के जागेश्वर महादेव मंदिर में नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। मंदिर में भगवान महादेव, गौरी मैया, भगवान गणेश एवं कार्तिकेय जी का वैदिक विधि-विधान से अभिषेक किया जा रहा है।

पंडित कैलाश चंद्र बोहरा के सानिध्य में रुद्री पाठ के साथ अभिषेक संपन्न कराया जाता है। इसके बाद भगवान का श्रृंगार कर आरती की जाती है। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान चंद्रशेखर, शिवाष्टक, रुद्राष्टक, मूल रामायण एवं शिव चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया जाता है। पाठ में महिलाओं सहित श्रद्धालु उत्साह के साथ सहभागिता कर रहे हैं।

श्रावण मास के चलते मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की धार्मिक गतिविधियों में सहभागिता बनी हुई है। सामूहिक पाठ और भजन-पूजन से मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

इस दौरान मंदिर कमेटी अध्यक्ष शिवदयाल मेड़तिया, शक्ति नारायण शर्मा, मनोज राव, अरुण गुरुजी, महेंद्र सिंह, मुकेश गौड़, ओम माली, प्रवीण मेड़तिया, केशव गौड़, मनोज धोबी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।




# श्री चंवरा के हनुमान जी महाराज से निकली कांवड़ यात्रा उदलियास माफी पहुंची बड़लियास में भव्य स्वागत हुआ

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

**(रोशन)**। सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को श्री चंवरा के हनुमान जी महाराज के यहां से उदलियास माफी स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर के लिए निकली विशाल कांवड़ यात्रा बड़लियास पहुंची। कांवड़ यात्रा के बड़लियास पहुंचने पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कांवड़िए शामिल रहे। पूरे मार्ग में बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए कांवड़ यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



बड़लियास में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इसके बाद कांवड़ यात्रा उदलियास माफी स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भगवान महादेव का शेष जलधारा से अभिषेक किया।

इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरा वातावरण शिवमय नजर आया। कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# साहित्यकार ऋतु चतुर्वेदी को मिला प्रतिष्ठित साहित्य सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी। ।

**राजेंद्र बबलू पोखरना।** साहित्य एवं अध्यात्म-दर्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट साहित्यकार एवं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, कोटड़ी की शिक्षिका ऋतु चतुर्वेदी को प्रतिष्ठित 'श्री अशोक कुमार सक्सेना भारतीय अध्यात्म-दर्शन-विभूषण साहित्य सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। त्रिसुगंधी साहित्य, कला एवं संस्कृति संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।




संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष आशा पाण्डेय 'ओझा' ने बताया कि ऋतु चतुर्वेदी को उनकी चर्चित साहित्यिक कृतियों 'गीतामिय-काव्य कुंभ' एवं 'मानस-गीतामिय' में भारतीय अध्यात्म, दर्शन, संस्कृति एवं जीवन-मूल्यों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति के लिए सम्मानित किया गया है।

उनकी साहित्यिक रचनाओं में भारतीय ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक चेतना, जीवन-दर्शन एवं मानवीय मूल्यों का समन्वय देखने को मिलता है। साहित्य सृजन के साथ ऋतु चतुर्वेदी मॉडल स्कूल, कोटड़ी में शिक्षिका के रूप में अपने शैक्षणिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रही हैं।

समारोह में उन्हें सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र, श्रीफल, उपरणा एवं पारंपरिक पागड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि को मॉडल स्कूल कोटड़ी, भीलवाड़ा जिले और क्षेत्र के लिए गौरव बताया गया।

साहित्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने ऋतु चतुर्वेदी को सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए उनके निरंतर साहित्यिक सृजन एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## चारभुजा मंदिर चोरी मामले की जांच की मांग, सावर में धरना जारी

### नगरपालिका के विभिन्न मामलों की जांच को लेकर पांचवें दिन भी डटे ग्रामीण




भीलवाड़ा फोकस @ सावर।

**दिलखुश** । चारभुजा नाथ मंदिर चोरी मामले की निष्पक्ष जांच और सावर नगरपालिका से जुड़े विभिन्न मामलों की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर नगरपालिका के सामने चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। युवा नेता दुर्गेश प्रजापति के नेतृत्व में चल रहे धरने में ग्रामीणों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

धरनार्थियों ने वर्ष 2015 में राजघराना गढ़ परिसर स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने के मामले की पुनः निष्पक्ष जांच कर जल्द खुलासा करने की मांग की। उनका आरोप है कि पूर्व में आश्वासन के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

इसके अलावा नगरपालिका में आग से रिकॉर्ड जलने, खातेदारी भूमि के कथित बेचान, ग्रेवल सड़क निर्माण, 100 से अधिक पट्टे जारी करने, गोशाला की जमीन से जुड़े अतिक्रमण, सहयोग राशि और किराए की दुकानों से संबंधित मामलों की भी जांच की मांग की गई है।

## कांस्या से तिलस्वां महादेव तक निकली भव्य शोभायात्रा

### विश्व आदिवासी दिवस पर सभा में शिक्षा, एकता और संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**शुभम।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सोमवार को आदिवासी राणा पुंजा भील युवा संगठन, बिजोलिया के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कांस्या से तिलस्वां महादेव तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के युवा, बुजुर्ग एवं मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। तिलस्वां महादेव पहुंचने के बाद सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में आदिवासी समाज से कांति भाई रोत, मांगु दादा निनामा, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, मांडल विधायक प्रत्याशी हैप्पी बन्ना, भानु प्रताप, सामाजिक कार्यकर्ता किशन कुमार खटीक एवं रायमल सहित समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में संगठन एवं समाज की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। वक्ताओं ने आदिवासी समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, युवा शक्ति तथा संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

शोभायात्रा एवं सभा में मातृशक्ति, युवाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे समाजजनों ने आदिवासी संस्कृति एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक भाईचारे एवं उत्साह के माहौल में हुआ।

## पीएम श्री विद्यालय में एसएमसी-एसडीएमसी की बैठक, 17 अगस्त को होगी जर्जर भवन की नीलामी



भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा में सोमवार को एसएमसी एवं एसडीएमसी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय की पुरानी एवं जर्जर भवन सामग्री को हटाने को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने सर्वसम्मति से जर्जर भवन को जमींदोज करने के लिए 17 अगस्त को सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया।

प्रधानाचार्य सोजीराम मीणा ने बताया कि बैठक से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। बैठक में विद्यालय के विकास एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई।

इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, सत्यनारायण सेन, दीपक पाराशर, किशन सिंह, घीसू माली, कैलाश तेली, मुकेश प्रजापत सहित एसएमसी-एसडीएमसी सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सावन के द्वितीय सोमवार पर नर्मदेश्वर देवरी महादेव में हुआ रुद्राभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

सावन मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर नगर के श्री नर्मदेश्वर देवरी महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। मंदिर कमेटी के सदस्यों की ओर से भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

इस दौरान भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का जल, दुग्ध सहित विभिन्न पूजन सामग्री से अभिषेक किया गया। इसके बाद शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार कर आरती की गई।



सावन के दूसरे सोमवार को मंदिर में भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुख-समृद्धि की कामना की।

## जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता से पहले मैदान की बदहाली, पशुओं के बीच अभ्यास कर रही बेटियां



भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

टिटोड़ा में जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 22 सितंबर से होने जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां मैदान में जमकर अभ्यास कर रही हैं, लेकिन खेल मैदान की चारदीवारी नहीं होने से खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अभ्यास के दौरान मैदान में आवारा पशुओं के घुस आने से बेटियों को पशुओं के बीच ही खेलना पड़ता है। कई बार पशुओं के कारण अभ्यास रोकना पड़ता है, जिससे खिलाड़ियों की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतियोगिता में जिलेभर की बालिका खिलाड़ी शामिल होंगी, ऐसे में मैदान की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाना जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से प्रतियोगिता से पहले खेल मैदान की चारदीवारी करवाने तथा मैदान को आवारा पशुओं से सुरक्षित करने की मांग की है, ताकि बेटियां सुरक्षित माहौल में अभ्यास कर सकें और जिला स्तरीय प्रतियोगिता बेहतर व्यवस्थाओं के साथ आयोजित हो सके।

**इनका कहना है।**

खेल मैदान की चार दीवारी का प्रस्ताव बनाकर भिजवा रखा हे ,स्वीकृति आते ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा

**संतोष देवी शर्मा**
**प्रशासक ग्राम पंचायत टिटोडा जागीर**

# कैनवास पर खिला तिरंगा, रंगों में दिखी देशभक्ति

## 'रंग तरंग आजादी के रंग, कला के संग' में 50 नन्हे कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शास्त्रीनगर स्थित दीपिका आर्ट गैलरी में बच्चों की कल्पना और देशभक्ति के रंगों ने माहौल को खास बना दिया। कहीं कैनवास पर लहराता तिरंगा नजर आया तो कहीं भारत माता का स्वरूप। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और विविधता को रंगों और रेखाओं के माध्यम से जीवंत किया।

दीपिका आर्ट गैलरी एवं दीपिका आर्ट अकादमी की ओर से नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 'रंग तरंग आजादी के रंग, कला के संग' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 50 बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**तिरंगे से लेकर स्वतंत्रता सेनानियों तक को कैनवास पर उतारा**

प्रतियोगिता में बच्चों ने आजादी और देशभक्ति को अपनी कल्पना के अनुसार चित्रों में उकेरा। कई कलाकृतियों में तिरंगा, भारत माता और देश की आन-बान-शान दिखाई दी, जबकि कुछ चित्रों में स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के संघर्ष और बलिदान को दर्शाया गया। कुछ बच्चों ने राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण और 'विविधता में एकता' की भावना को भी चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं कई कलाकृतियों में तिरंगा थामे बच्चों और उगते सूरज के जरिए नए भारत की उम्मीद को दर्शाया गया।

**तीन आयु वर्गों में हुई प्रतियोगिता**

आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि प्रतियोगिता को जूनियर, सीनियर और सुपर सीनियर तीन आयु वर्गों में आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उतारा।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही



उत्कृष्ट एवं विशेष रचनात्मक कलाकृतियों के लिए सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

**50 बच्चों ने लिया हिस्सा**

प्रतियोगिता में गुंजन बहेडिया, जोशनी कुमावत, नंदिनी सोनी, याशिका अग्रवाल, जया कोली, खुशनूर खान, पोशिका गुरवा, अनिरुद्ध जाट, यश बैरागी, छवि जगेटिया, रिधि रांका, श्रुति सोनी, मिताली बैरवा, पवि जैन, उमेमा आदिल, आराध्या कांठेड़, राधिका पर्दे, अक्षत वैष्णव, अथर्व औरवल, अर्पित जाट, राधिका तोषनीवाल, अंकुश मौर्या, रक्षण जोशी, ईशी इनानी, अविका तातेड़, तन्वी कोली, देवकिशन शर्मा, आराध्या चौधरी, पार्थ चपलोत, मनीष कोली, अश्विन फ्रैंक, एंजेल बोहरा, काव्य तोषनीवाल, शनाया कौर, सोहम बहरवानी, पार्थ नंदवानी, काशवी जैन, नित्या दरगड़, चित्रा बैरवा, पिनल चपलोत, ख्वाहिश रामचंदानी, अमोली जैन, चन्नाया शराफ, आराध्या शर्मा, पार्थ टेलर, अविनाश रमनानी, इरा इनानी, सर्वेश लाठी और मानविक तेजवानी सहित 50 बच्चों ने भाग लिया।

# तिलस्वां महादेव में आस्था का सैलाब, भोले की भक्ति में डूबा ऊपरमाल

## सावन के दूसरे सोमवार उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम, दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें; 15 पंडितों ने कराया हवन- अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**


**(नरेश धाकड़)** सावन के दूसरे सोमवार को प्रसिद्ध तिलस्वां महादेव धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही बड़ी संख्या में शिवभक्त मंदिर पहुंचने लगे। भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर से लेकर दर्शन मार्ग तक श्रद्धालुओं का हुजूम नजर आया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा तिलस्वां धाम शिवमय हो उठा।

**15 पंडितों ने कराया हवन-अभिषेक**

सावन माह के दौरान मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 पंडितों द्वारा विधि-विधान से हवन एवं अभिषेक कराया जाता है। सावन सोमवार के अवसर पर भी विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

**ट्रस्ट की ओर से विशेष पूजा-अर्चना**

मंदिर ट्रस्ट की ओर से भगवान तिलस्वां महादेव का विशेष अभिषेक एवं आरती कराई गई। सुबह से ही मंदिर में पूजा-



अर्चना का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव के दर्शन किए और सावन सोमवार का पुण्य लाभ उठाया।

**अध्यक्ष अहीर बोले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता**


ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद अहीर ने कहा कि सावन माह में तिलस्वां महादेव में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए ट्रस्ट की ओर से व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। धार्मिक आयोजनों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**सचिव धाकड़ ने संभाली व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी**

ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि सावन माह में मंदिर में नियमित रूप से धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। 15 पंडितों द्वारा हवन-अभिषेक कराया जाता है। सोमवार को उमड़ी भीड़ को देखते हुए ट्रस्ट कार्यकर्ताओं ने दर्शन एवं कतार व्यवस्था में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराना ट्रस्ट की प्राथमिकता है।

**प्रशासन और ट्रस्ट के समन्वय से सुचारू रही व्यवस्था**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए



प्रशासन की ओर से भी व्यवस्थाओं पर नजर रखी गई। भीड़ प्रबंधन, आवागमन और मंदिर परिसर की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए। प्रशासन और ट्रस्ट के समन्वय से श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा मिली।

**घंटियों और जयकारों से गूंजता रहा तिलस्वां धाम**

सुबह से शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा।

मंदिर की घंटियों की गूंज, हवन की आहुति और हर-हर महादेव के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# भारत विकास परिषद ने आयोजित किया गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

## गुरुजनों एवं विद्यार्थियों का सम्मान कर विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम क्रमांक 12 का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धानमंडी में किया गया।इस दौरान 30 गुरुजन एवं 175 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इनमें 15 गुरुजनों एवं 8 विद्यार्थियों का सम्मान किया। इस



कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों एवं अभिभावकों ने भी सहभागिता की । कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य सीमा लोहार द्वारा परिषद के सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व अध्यक्ष रजनीकांत आचार्य ने बच्चों को गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन का महत्व बताया एवं परिषद की जानकारी सचिव के जी सोनी ने दी, अंत में कार्यक्रम प्रभारी शिव नारायण ईनाणी ने बच्चों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई । दुर्गा लाल जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# ईवी बसों का संचालन निर्धारित रूट और समय सारणी के अनुसार करने की मांग

## निजी बस संचालकों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत भीलवाड़ा जिले में संचालित ईवी बसों को निर्धारित रूट, दूरी और समय सारणी के अनुसार संचालित करने की मांग को लेकर निजी बस संचालकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बस संचालकों ने आरोप लगाया कि ईवी बसों का निर्धारित सीमा से अधिक दूरी के मार्गों पर बिना तय समय सारणी एवं परमिट के संचालन किया जा रहा है, जिससे पहले से परमिट प्राप्त निजी बस संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

निजी बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र मोगरा ने बताया कि योजना के नियमों के अनुसार ईवी बसों का संचालन निर्धारित सीमा के भीतर



किया जाना चाहिए, लेकिन वर्तमान में करीब 45 किलोमीटर तक के मार्गों पर बसों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों पर पहले से परमिट प्राप्त निजी बसें समय सारणी के अनुसार संचालित हो रही हैं, उन्हीं मार्गों पर ईवी बसों के संचालन से निजी बस मालिकों की आय प्रभावित हो रही है।

बस संचालकों ने आरोप लगाया कि नगर निगम आयुक्त एवं जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के दबाव में निर्धारित परमिट से अलग मार्गों पर ईवी बसों का संचालन करवाया जा रहा है। उनका यह भी आरोप है कि एक ही वाहन को एक ही रूट पर निर्धारित व्यवस्था के विपरीत कई बार संचालित किया जा रहा है।

मोगरा ने कहा कि निजी बस संचालकों को आर्थिक नुकसान होने के कारण वाहनों से संबंधित राजस्व कर समय पर जमा करने में भी परेशानी आ रही है। इससे बस मालिकों के साथ-साथ इनसे जुड़े परिवारों के सामने भी आर्थिक संकट की स्थिति बन रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि ईवी बसों को ऐसे मार्गों पर संचालित किया जाए, जहां वर्तमान में आमजन के लिए पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है। साथ ही बसों का संचालन परिवहन विभाग के निर्धारित नियमों, परमिट, रूट एवं समय सारणी के अनुसार किया जाए तथा निर्धारित दूरी की सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन देते समय कैलाश जाट, सूरज आचार्य, रमेश शर्मा, कालू पंडित, दिलीप शर्मा, रतन डोबा, भंवर खटीक, फरीद मोहम्मद, असलम शेख, मेंचंद त्रिवेदी, बजरंग सिंह राठौड़, हेमेन्द्र राठौर, तोमर अहीर, अल्ताफ मे मेवाती, रतन खटीक, कालू मुड़दा सहित अनेक निजी बस मालिक मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### श्रावण के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धा

**बनेड़ा क्षेत्र के मंदिरों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक**

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बनेड़ा क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ की भक्ति का विशेष माहौल रहा। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल, दूध एवं बेलपत्र अर्पित किए। मंदिर परिसर दिनभर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंजते रहे।

बनेड़ा के झालरा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध एवं बेलपत्र चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इसी तरह दादू द्वारा तपस्वी अखाड़ा, सरदार नगर परिसर स्थित शिवालय में भी श्रावण सोमवार के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। महंत रामदास महाराज एवं समाजसेवी रामप्रसाद कुमावत सहित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके बाद आरती कर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।

श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी के चलते सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं में खास उत्साह नजर आया। मंदिरों में 'नमः शिवाय' के जाप और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति एवं सर्वजन मंगल की प्रार्थना की। श्रावण के द्वितीय सोमवार पर बनेड़ा क्षेत्र के शिवालयों में दिनभर धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां तेज, काछोला स्कूल में पीटी-परेड अभ्यास शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काछोला में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा पीटी, परेड और मार्च-पास्ट का अभ्यास किया जा रहा है। सुबह के समय विद्यार्थी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ कदमताल करते नजर आ रहे हैं।

विद्यार्थी एक साथ कदमताल करने, अनुशासन बनाए रखने तथा तिरंगे को सलामी देने का अभ्यास कर रहे हैं। शिक्षक उन्हें परेड एवं पीटी की बारीकियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं समारोह को आकर्षक बनाने के लिए देशभक्ति गीत, भाषण, समूह नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारियां जारी हैं।

विद्यालय के प्राचार्य मदन लाल धाकड़ के मार्गदर्शन में पीटी एवं परेड अभ्यास कराया जा रहा है। पीटीआई शिक्षक प्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में विद्यार्थी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। इस दौरान दिनेश कुमार जेथलिया, मुकेश राणावत, प्रभु लाल सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

अभ्यास में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में चल रही तैयारियों से देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का माहौल बना हुआ है।

### 15 किमी की कांवड़ यात्रा पर निकले नन्हे कांवड़िए

**भीलवाड़ा फोकस @ कांगनी।**



नेगड़ियाखेड़ा के चीनू शर्मा (11) और जीवन सिंह चूंडावत (12) ने सावन के दूसरे सोमवार पर काबरी महादेव से नेगड़ियाखेड़ा स्थित गुप्तेश्वर महादेव तक करीब 15 किलोमीटर की पहली कांवड़ यात्रा पूरी की। नन्हे कांवड़ियों की भक्ति और उत्साह देखकर ग्रामीण भाव-विभोर हो गए। यात्रा पूरी कर गांव पहुंचने पर नारायण सोनी, राधाकिशन शर्मा, नारायण प्रजापत, नारायण पंचोली, सचिन गौड़, सांवरिया वैष्णव सहित ग्रामीणों ने दोनों का भव्य स्वागत कर उत्साहवर्धन किया।

### बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा आकोला, 51 महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**जसवंत पारीक ।** सावन माह के पावन अवसर पर कस्बा सोमवार को भोलेनाथ की भक्ति में रंगा नजर आया। 51 महिलाओं ने बनास नदी से कांवड़ में पवित्र जल भरकर भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। कांवड़ यात्रा के दौरान महिलाओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

बनास नदी से शुरू हुई कांवड़ यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई शिवालय, रघुनाथद्वारा मंदिर एवं लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंची। यात्रा में महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा कांवड़ में लाए गए पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं अच्छी बारिश की कामना की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।